भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **120**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 02 फरवरी, 2024/13 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है।

लद्दाख की कृषि भूमि में उर्वरकों का प्रभाव

120. श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास लद्दाख की कृषि भूमि में रासायनिक उर्वरकों के लाभों/दुष्प्रभावों के संबंध में कोई आंकड़ा/रिकॉर्ड है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार द्वारा लद्दाख मे उर्वरता बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के लिए कोई उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) सरकार ने लद्दाख में जिन रासायनिक उर्वरकों की अनुमति दे रखी है उनका ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या सरकार ने लद्दाख में रासायनिक उर्वरकों के लाभ/दुष्प्रभाव के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

(भगवंत खुबा)

(क): जी, नहीं। लद्दाख की कृषि भूमि में रासायनिक उर्वरकों के लाभ/दुष्प्रभावों के संबंध में कोई विशेष आंकडे/रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। तथापि, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग पर प्रतिबंध और लद्दाख में आर्गेनिक उर्वरकों की शुरूआत के बाद, विभिन्न एजेंसियों/विभागों द्वारा किसानों को वर्मी- कम्पोस्ट आर्गेनिक खाद और वर्मी-कम्पोस्ट पिट प्रदान करने से फील्ड स्तर पर उपज की गुणवत्ता और उर्वरता की स्थिति में सुधार हुआ है।

(ख) और (ग): लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) और संघशासित प्रदेश प्रशासन ने 2025 तक लद्दाख को आर्गेनिक के रूप में प्रमाणित करने के लिए फ्लैगशीप कार्यक्रम "मिशन ऑर्गेनिक डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ लद्दाख" संचालित किया है। यह कार्यक्रम 4 जुलाई, 2000 को शुरू किया गया था।

(घ): आर्गेनिक प्रणाली के तहत किसी भी रासायनिक उर्वरक की अनुमति नहीं है।

(ड.) और (च): 2019 में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि किसानों ने अनुभव किया है कि रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मृदा और मानव स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं। अधिकांश किसानों (60.7%) का मानना है कि रासायनिक उर्वरक मृदा के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, जबकि 25.4% किसानों का मानना है कि वे मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

****